आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक: 18.07.2024 समय : 18.30 पीएम

- केन्द्र सरकार महिला उद्यमियों को सहायता प्रदान करने और उन्हें बढ़ावा देने के उद्देश्य से यशस्विनी अभियान चलायेगी– जयपुर में अभियान का शुभारंभ कल।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पत्रकारों से समाज के प्रत्येक पक्ष को सशक्त बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का आव्हान किया।
- रोहित गोदारा गैंग के अमरजीत विश्नोई को इटली के सिसली शहर से गिरफ्तार किया गया।
- प्रदेश में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश–अगले 4–5 दिनों में कोटा और उदयपुर संभाग में कहीं–कहीं भारी बरसात की संभावना।

000

केन्द्र सरकार महिला उद्यमियों को सहायता प्रदान करने और उन्हें बढ़ावा देने के उद्देश्य से यशस्विनी नाम से जागरूकता अभियान शुरू कर रही है। ऐसा पहला जागरूकता अभियान कल जयपुर में आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, केंद्रीय एमएसएमई मंत्री जीतन राम मांझी इस कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। एमएसएमई राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे और प्रदेश के उद्योग और वाणिज्य मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ भी कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। एमएसएमई मंत्रालय में निदेशक अंकिता पांडे ने आज जयपुर में एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि इस कार्यक्रम में 600 से अधिक महिला उद्यमी, विशेष रूप से स्वयं सहायता समूहों के सदस्य, सूक्ष्म अनौपचारिक उद्यमी, कारीगर और भावी महिला उद्यमी भाग लेंगी। उन्होंने बताया कि इस तरह का पहला कार्यक्रम राजस्थान से शुरू हो रहा है।

000

सर्वोच्च न्यायालय ने आज नीट–यूजी 2024 मेडिकल प्रवेश परीक्षा के संचालन में हुई कथित अनियमितताओं से संबंधित 40 से अधिक याचिकाओं की सुनवाई शुरू की। पीठ ने कहा कि इस मामले में केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सी बी आई की जांच जारी है। सी बी आई ने जो कुछ भी कहा है अगर इसका खुलासा होता है तो इससे जांच प्रभावित होगी और लोग इससे बचने के तरीके ढूंढेंगे। मुख्य न्यायाधीश डी0 वाई0 चन्द्रचूड और न्यायाधीश जे0 डी0 पारदीवाला तथा मनोज मिश्रा की पीठ ने याचिकाकर्ताओं से कहा कि वे यह प्रमाणित करें कि पेपर लीक "प्रणालीगत" थी और इसने पूरी परीक्षा को प्रभावित किया है, इसलिए इसे रद्द करना जरूरी है। इस बीच, नीट–यूजी प्रवेश परीक्षा पेपर लीक मामले में केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सीबीआई ने आज अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना के चार छात्रों को हिरासत में लिया है। एम्स, पटना के कार्यकारी निदेशक डॉ. जीके पाल ने कहा कि जिन छात्रों को हिरासत में लिया गया है वे एमबीबीएस पाठ्यक्रम के दूसरे और तीसरे वर्ष के हैं। उन्होंने कहा कि सीबीआई ने इन छात्रों के लैपटॉप भी जब्त कर लिए हैं और उनके कमरे सील कर दिए हैं। इन छात्रों से सीबीआई पूछताछ कर रही है।

0000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि पत्रकार समाज के प्रहरी और लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ के रूप में समाज को जागरूक करने का काम करते हैं। श्री शर्मा आज अपने निवास पर बजट 2024–25 में पत्रकारों के हित में की गई घोषणाओं के संबंध में आभार समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रशासन, राजनीति और पुलिस की तरह पत्रकार भी प्रदेश के समग्र कल्याण तथा विकसित राजस्थान के संकल्प सिद्धि को पूरा करने में जुटे हुए हैं। उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज के प्रत्येक पक्ष को सशक्त बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। उन्होंने पत्रकारों को आश्वस्त किया कि आगे भी राज्य सरकार लोकतंत्र के इस स्तंभ को और अधिक सशक्त और मजबूत बनाने के लिए काम करती रहेगी।

000

राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि कुष्ठ रोगियों की पहचान और इलाज के साथ–साथ उनके पुनर्वास के लिए भी प्रभावी प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि सरकार और आमजन की भागीदारी से कुष्ठ रोग से निजात पाया जा सकता है। श्री मिश्र आज जयपुर में सार्थक मानव कुष्ठाश्रम द्वारा आयोजित अखिल भारतीय कुष्ठ रोग उन्मूलन अधिवेशन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कुष्ठ रोग के इलाज के लिए व्यावहारिक प्रयास किए जाएं और जन भागीदारी को भी बढ़ाया जाए। अधिवेशन के तकनीकी सत्र में कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्तियों की सामाजिक, आर्थिक स्थिति जुड़े मुद्दों, नागरिक एजेंसियों द्वारा शुरू किए गए कल्याणकारी उपायों, इससे जुड़े कानूनों, कुष्ठरोग से प्रभावित व्यक्तियों के समक्ष भेदभाव और भविष्य की चुनौतियों पर विषय विशेषज्ञों ने विचार रखे।

0000

डूंगरपुर जिले के झोथरी ब्लॉक में संपूर्णता अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं के रजिस्ट्रेशन का काम किया जा रहा है। महिलाओं को गर्भ धारण से लेकर उनके इलाज और जच्चा–बच्चा की देखभाल को लेकर जानकारी दी जा रही है। झोथरी ब्लॉक में 312 गर्भवती महिलाओं के रजिस्ट्रेशन का लक्ष्य दिया गया था। इसके अलावा 30 साल से ज्यादा उम्र के लोगो में डायबिटीज और रक्तचाप की जांच की गई। मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अलंकार गुप्ता ने बताया कि आगामी दिनो में लोगो को स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं से जोड़कर उन्हें फायदा दिलाया जायेगा।

000

रोहित गोदारा गैंग के सदस्य अमरजीत विश्नोई को इटली के सिसली शहर से गिरफ्तार किया गया है। सी. आई.डी सीबी के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक दिनेश एम.एन ने बताया कि एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ए.जी.टी. एफ ने इस गिरोह के सदस्यों की धरपकड के लिये पिछले साल दिसम्बर में एक विशेष कार्य दल गठित किया था। इसी दल को विश्नोई के इटली में होने की सूचना मिली थी, जिसके बाद इटली पुलिस ने अमरजीत विश्नोई को सिसली में पकड लिया। दिनेश एम.एन ने बताया कि विश्नोई पर 50 हजार रूपये का ईनाम घोषित था। अब इसे भारत लाने के लिए कार्यवाही शुरू की जा रही है।

000

बारां जिले के अंता में आज एक ट्रक ने स्कूल की वैन को टक्कर मार दी जिससे एक छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में 3 बच्चे घायल हो गये जिनमें से 2 को कोटा रैफर किया गया है। स्कूल वैन में 8 बच्चे सवार थे। पुलिस ने ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

000

प्रदेश के विभिन्न जिलों में आज जनसुनवाई के कार्यक्रम हुए। इसके तहत आमजन की विभिन्न समस्याओं का समाधान किया गया। **सांचौर** जिला कलेक्टर शक्ति सिंह राठौड़ ने जनसुनवाई के दौरान आमजन की परिवेदनाओं की सुना और उनका निस्तारण किया। **बालोतरा** में जिला स्तरीय जनसुनवाई में सम्भागीय आयुक्त बीएल मेहरा और जिला कलेक्टर सुशील कुमार यादव ने परिवादियों की सुनवाई कर मौके पर ही उनकी समस्याओं का समाधान किया।

**सवाईमाधोपुर** जिला कलक्टर डॉ खुशाल यादव ने जिला स्तरीय जनसुनवाई में आमजन की परिवेदनाएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। **टोंक** जिला कलेक्टर डॉ सौम्या झा ने जनसुनवाई के दौरान आमजन की व्यक्तिगत तथा सार्वजनिक समस्याओं का निपटारा किया। **बूंदी** में जिला स्तरीय जनसुनवाई में आमजन की समस्याओं का समाधान कर उन्हें राहत दी गई। जिला कलक्टर अक्षय गोदारा ने लोगों की परिवेदनाएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को प्रकरणों का तुरंत समाधान करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में लगभग 100 मामले प्राप्त हुए, जिनके निपटारे के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। कोटपूतली–बहरोड़ में जनसुनवाई में 72 प्रकरण सुनवाई के लिये रखे गये।

000

प्रदेश में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हुई है। जयपुर में दोपहर में कई जगह बूंदा–बांदी हुई। टोंक और भीलवाड़ा में तेज उमस के बाद दोपहर में बूंदा–बांदी होने से लोगों को राहत मिली। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटे में सबसे ज्यादा 75 मिलीमीटर बरसात झालावाड़ जिले के पिड़ावा में रिकॉर्ड की गई। विभाग के अनुसार कम दबाव का क्षेत्र आज बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना हुआ है। इसके असर से पूर्वी राजस्थान के कुछ स्थानों पर आगामी 4–5 दिन बारिश की गतिविधियां जारी रहने की संभावना है। पूर्वी राजस्थान में 20–21 जुलाई को बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी होने तथा कोटा और उदयपुर संभाग में कहीं–कहीं भारी बारिश होने के आसार हैं। इस बीच मौसम केन्द्र जयपुर ने राजधानी के अलावा अलवर, टोंक, भरतपुर, सीकर और सवाईमाधोपुर जिलों के लिये ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में कहीं–कहीं मध्यम से तेज बारिश होने और बिजली गिरने की संभावना है। इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से हवाएं भी चल सकती हैं।

000

युवा मामले और खेल मंत्री डॉ० मनसुख मांडविया कल नई दिल्ली में केन्द्र सरकार की खेलो इंडिया राइजिंग टैलेंट आइडेंटिफिकेशन– कीर्ति पहल के दूसरे चरण का शुभारंभ करेंगे। इस पहल का उद्देश्य एक ही मंच पर जमीनी स्तर से ही प्रतिभा की पहचान करना है। इस पहल का लक्ष्य सभी राज्यों को शामिल करते हुए 2024–25 में 20 लाख खेल प्रतिभाओं का मूल्यांकन करना है। कीर्ति का पहला चरण इसी साल 12 मार्च को चंडीगढ़ में शुरू किया गया था। इस चरण में 70 केंद्रों पर तीन लाख 62 हजार 683 पंजीकरण हुए। इच्छुक एथलीटों का मूल्यांकन तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, मुक्केबाजी, फुटबॉल, हॉकी, कबड्डी, खो–खो, वॉलीबॉल, भारोत्तोलन और कुश्ती स्पर्द्धाओं के लिये किया गया।

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 जुलाई को आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 112वीं कड़ी होगी। इस कार्यक्रम के लिए श्रोता अपने विचार और सुझाव टोल फ्री नंबर 1800–11–7800 के माध्यम से दे सकते हैं। इसके अलावा नमो एप और माय जी ओ वी ओपन फोरम के जरिये भी विचार साझा किये जा सकते हैं।

000